स्वस्थ भारत यात्रा का जिले में प्रवेश, खाद्य पदार्थों की 19 तक करेगी जांच

Dausa News - स्वस्थ भारत यात्रा मंगलवार को पहुंची, जिसका जिले की सीमा पर स्वागत किया गया। यात्रा जिले में 18 जनवरी तक पौष्टिक...

Dainik Bhaskar

Jan 16, 2019, 03:00 AM IST

स्वस्थ भारत यात्रा मंगलवार को पहुंची, जिसका जिले की सीमा पर स्वागत किया गया। यात्रा जिले में 18 जनवरी तक पौष्टिक आहार और स्वस्थ रहने का संदेश देगी।

सीएमएचओ डाॅ. ओ.पी. बैरवा ने बताया कि भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारतीय खाद्य एवं सुरक्षा मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली की ओर से महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर प्रधानमंत्री आम जनता को स्वस्थ पोषण का प्रयोग करने के लिए जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य भारत यात्रा की शुरुआत की है। यात्रा का उद्देश्य जनता को स्वस्थ एवं संतुलित भोजन के लिए जागरूक करना है। इस दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच भी की जाएगी। सैंपल जांच का परिणाम दो घंटे में दे दिया जाएगा।

सीएमएचओ ने बताया कि 16 जनवरी को लालसोट में जमात पावर हाउस से राउमावि, दौसा रोड तक प्रभात फेरी निकाली जाएगी। 17 जनवरी को सुबह 9 बजे साइकिल यात्रा लालसोट के ज्योतिबा फुले सर्किल से रवाना होकर दोपहर तक दौसा के गांधी तिराहा पहुंचेगी। 19 को सुबह 9 बजे गुप्तेश्वर गेट से नेहरू पार्क तक प्रभात फेरी निकाली जाएगी और 19 जनवरी को यात्रा अलवर जिले के लिए प्रस्थान कर जाएगी। इस अवसर पर अतिरिक्त निदेशक एफएसएसआई अशोक कुमार मिश्रा, जिला समन्वयक

आईईसी नीतेश सोनी, फूड इंस्पेक्टर महेन्द्र चतुर्वेदी,जयसिंह मौजूद थे। सवाईमाधोपुर से आई टीम के फूड इंस्पेक्टर प्रेमचंद, वेदप्रकाश पूर्बिया सहित अन्य कार्मिक उपस्थित थे।

दौसा| भारत स्वास्थ्य यात्रा का जिले की सीमा पर किया स्वागत।